an>

Title: Need to set up an ESIC Multi-Speciality Hospital in Bhagalpur, Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर) ः बिहार राज्य के भागलपुर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम का कोई अस्पताल नहीं है। भागलपुर सिल्क नगरी के रूप में जाना जाता है जहां के बुनकरों की संख्या बहुत ही ज्यादा है लेकिन कम आय वर्ग के कर्मचारी जो कि असंगठित क्षेत्र के हैं तथा अन्य ऐसे ही मजदूरों के इलाज नहीं हो पाने की स्थिति में इनकी असामयिक मृत्यु हो जाती है। इन असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का कोई स्वास्थ्य बीमा नहीं होता है जहां वे अपना इलाज करा सकें। भागलपुर अब स्मार्ट सिटी के रूप में चयनित है जहां केन्द्र सरकार के स्तर से मिलने वाली हर सुविधा उपलब्ध करायी जानी चाहिए चूंकि कर्मचारी राज्य बीमा निगम भी भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के अधीन है। अतः यहां पर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के इलाज हेतु ई.एस.आई.सी. के अस्पताल का निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है।

अतः भारत सरकार से मेरी मांग है कि बिहार राज्य के भागलपुर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के एक मल्टी स्पेश्लिटी अस्पताल की सुविधा प्रदान करने के लिए मंजूरी देने का कार्य करे ताकि कम आय वर्ग के मजदूरों को स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

14.0 Â½ hours

(*At this stage, Shri K.C. Venugopal and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

HON. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet at 11 A.M. tomorrow.

14.01 hours

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Tuesday, November 22, 2016/Agrahayana 1, 1938 (Saka)

---

* ण्ड्ढ म्श्र्द अ ङ्ब्रत्ड्ढड्ड ङ्डद्दध्ड्ढ ण्ड्ढ दङ्बड्ढ द्दढ ङ्ब ग्ड्ढश्ड्ड्ढद्ध त्दड्डत्हङ्बय्ड्ढद्म् ण्ड्बद्य् ण्ड्ढ द्र्वड्ढद्य्त्द्दद ङ्ब्द्म् ङ्बहय्द्वङ्बथ्न् ङ्बत्ड्ढड्ड द्दद ण्ड्ढ ढथ्द्दद्ध द्दढ ण्ड्ढ Hद्दद्वम्ड्ढ ड्ढ्र ण्ड्बद्य् ग्ड्ढश्ड्ड्ढद्ध.